परेशानी | रफी अहमद किदवई और दीनदयाल उपाध्याय वार्ड पहुंची महापौर, सुनीं नागरिकों की समस्याएं

कीचड़-जलभराव से वार्डवासी परेशान

नवभारत, कटनी। शहर के विभिन्न वार्डों में नागरिकों द्वारा उठाई जा रही मूलभूत समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने रफी अहमद किदवई वार्ड और दीनदयाल उपाध्याय वार्ड का दौरा किया। दौरे के दौरान महापौर जागृति कॉलोनी पहुंचीं, जहां उन्होंने क्षेत्रीय नागरिकों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। स्थानीय रहवासियों ने सड़क निर्माण और जलनिकासी व्यवस्था के अभाव से उत्पन्न गंभीर परेशानियों से की जानकारी दी। कीचड़, जलभराव और आवागमन में बाधा जैसी समस्याओं को लेकर नागरिकों ने चिंता व्यक्त की। महापौर ने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में समान रूप से विकास कार्य कराए जाएंगे और मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं के चरणबद्ध और स्थायी निराकरण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि नागरिकों को भविष्य में ऐसी परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। महापौर ने तिलक कॉलेज के पीछे स्थित गटागट मार्ग और आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से प्रस्तावित नाली निर्माण कार्य की विस्तृत जानकारी ली। महापौर ने बताया कि नाली निर्माण पूरा होने से जलनिकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित होगी, जिससे क्षेत्रवासियों को स्थायी राहत मिलेगी। महापौर ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में समान विकास सुनिश्चित करना उनका संकल्प है। जनसमस्याओं का तत्काल और प्रभावी समाधान ही प्रशासन की प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान नगर निगम के उपयंत्री जेपी सिंह बघेल, समाजसेवी अनिरुद्ध सोनी सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

रेत का अवैध परिवहन करने पर ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त

नवभारत, कटनी। जिले के बड़वारा थाना क्षेत्र में रेत का अवैध परिवहन करने पर ट्रेक्टर ट्राली को जब्त किया गया है। पुलिस ने बताया कि वाहन चालक से रेत परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज और ड्राइविंग लाइसेंस की मांग की गई, लेकिन वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। जांच में अवैध रूप से रेत परिवहन किया जाना पाया गया। पुलिस ने बताया कि ट्रेक्टर चालक बसाड़ी गांव निवासी आनंद पिता चंद्रबली पटैल है। पुलिस ने रेत से भरी ट्रेक्टर ट्रॉली को विधिवत जब्त कर पंचनामा तैयार कर भारतीय न्याय संहित के तहत कार्रवाई की गई है। ट्रेक्टर ट्राली को बड़वारा थाना परिसर पर खड़ा कराया है। कार्रवाई में बड़वारा थाना प्रभारी एसआई केके पटेल, एएसआई सतेंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक नितेश डोगरे की भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि थाना क्षेत्र में प्रभावी लगातार प्रभावी गश्त कर रेत का अवैध परिवहन रोकने की कार्रवाई की जा रही है।



जंगल में नहीं दिखी मां, शावक की निमोनिया से मौत

क्रेशर प्लांट कार्यालय में मिला था तेंदुए का शावक

नवभारत, कटनी। जिले के बरही वन परिक्षेत्र के ग्राम जजागढ़ में एक बीमार तेंदुए के शावक की इलाज के दौरान मौत हो गई। वन विभाग ने उसे सुरक्षित रेस्क्यू कर बेहतर इलाज के लिए रीवा भेजा था, लेकिन मुकुंदपुर पहुंचते ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गौरतलब है कि शनिवार दोपहर जजागढ़ स्थित महालक्ष्मी क्रेशर प्लांट परिसर में शावक के घुसने से की सूचना मिली थी। प्लांट में काम कर रहे मजदूरों और कर्मचारियों में दहशत फैल गई थी। जिसके बाद वन विभाग को सूचना दी गई। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर शावक का सुरक्षित रेस्क्यू किया। जिला वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विभाग की पहली कोशिश शावक को उसकी मां से मिलवाने की थी। इसके लिए आसपास के इलाके में निगरानी रखी गई, लेकिन मादा तेंदुआ नजर नहीं आई। मां से मिलन संभव नहीं होने पर स्थानीय डॉक्टर से शावक का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। जांच में शावक कमजोर और निमोनिया से पीड़ित पाया गया। इसके बाद उसे बेहतर इलाज के लिए मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी भेजने का निर्णय लिया गया। शावक को मुकुंदपुर ले जाया गया, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने जांच की, लेकिन तब तक उसकी हालत बिगड़ चुकी थी। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वन विभाग के अनुसार पूरे मामले में नियमानुसार कार्रवाई की गई और शावक को बचाने का हर संभव प्रयास किया गया।

मकान में बने शौचालय में छिपाकर रखी थी शराब

बड़वारा पुलिस ने की कार्रवाई 75 हजार की शराब जब्त

नवभारत, कटनी। जिले के बड़वारा थाना क्षेत्र के भगनवारा गांव के पास बछौली रोड किनोर बने एक मकान के में बने शौचालय में छिपाकर रखी गई 135 लीटर शराब जब्त की है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त की गई शराब की कीमत करीब 75 हजार रूपए आंकी गई है। पकड़ा गया आरोपी जबलपुर जिले के खितौला थाना क्षेत्र के कुर्रा पिपरिया गांव निवासी अतुल मेहरा पिता गिरानी मेहरा है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम भगनवारा के पास बछौली रोड किनारे स्थित एक मकान के पीछे बने शौचालय में काफी मात्रा में अवैध रूप से शराब का भंडारण किया गया है। जिसके बाद पुलिस टीम ने घेराबंदी कर छापेमार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान एक युवक मिला। पुलिस टीम को शौचालय की तलाशी लेने पर पुलिस को काफी मात्रा में शराब की पेटियां मिलीं। 135 लीटर अवैध देशी शराब बरामद की गई है। जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 75,000 रुपये बताई जा रही है। यह शराब अवैध रूप से बेचने के उद्देश्य से जमा की गई थी। बड़वारा थाना प्रभारी ने बताया कि अतुल मेहरा के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। कार्रवाई में थाना प्रभारी एसआई केके पटेल, एएसआई महेश प्रताप सिंह, सउनि विक्रम सिंह, प्रधान आरक्ष पवनराज, आरक्षक दीपक सिंह, सुरेन्द्र ठाकुर की भूमिका रही।

शांति से मनाए जाएं त्यौहार

नवभारत, कटनी। जिले के बरही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने होली, नवरात्रि, और ईद पर्व को भाईचारे के साथ मनाने पर सहमति जताई। सभी त्यौहार मिलजुल कर मनाने और कानून व्यवस्था बनाए रखने पर ज़ोर दिया गया। त्यौहारों के दौरान प्रशासन के नियमों और लाउडस्पीकर के प्रयोग के नियमों का पालन करने के लिए कहा गया है। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ थाना बरही के प्रभारी तसीलदार, नगर परिषद अध्यक्ष और स्थानीय लोगों की उपस्थिती रही। पुलिस ने कहा कि होली पर्व के दौरान क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार प्रभावी गश्त की जाएगी। साथ ही लोगों से कहा गया है कि किसी भी तरह अपराध और कानून का उल्लंघन होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें।

जंगल की जमीन पर कब्जा कर रहे हैं पड़ोसी जिले के बाहर के लोग

ढीमरखेड़ा के जंगलों में बनाई जा रही झोपड़ियां

नवभारत, कटनी। जिले के ढीमरखेड़ा तहसील के शाहडार जंगल में वन भूमि पर अतिक्रमण किया जा रहा है। मंडल और डिंडौरी जिले से आए लोग पहले डेरा डाल रहे हैं और फिर जंगल की जमीन पर झोपड़ी बनाकर अतिक्रमण कर रहे हैं। बाहरी लोगों के आने से क्षेत्र में तनाव की स्थिति भी निर्मित हो रही है। जंगल की जमीन पर कब्जा करने की जानकारी मिलने पर वन विभाग जांच करने की बात कह रहा है। जानकारी के अनुसार भदनपुर गांव के समीप कक्ष क्रमांक 307 में यह अतिक्रमण किया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि बाहरी जिलों से आए लोग पहले जंगल के बीचों-बीच झोपड़ियां तानते हैं और फिर धीरे-धीरे बेशकीमती पेड़ों की कटाई कर उस भूमि को कृषि योग्य बना लेते हैं। गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी वन विभाग ने इसी क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई कर इसे अतिक्रमण मुक्त कराया था, लेकिन एक बार फिर यहां कब्जा शुरू हो गया है। जब भी वन विभाग या निगम की टीम कार्रवाई के लिए पहुंचती है, तो ये लोग उग्र होकर विरोध करते हैं। प्रशासन ने समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए, तो भविष्य में बाहरी अतिक्रमणकारियों और विभागीय टीम के बीच हिंसक झड़प हो सकती है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए वन विकास निगम कुंडम परियोजना के अधिकारियों का कहना है कि अतिक्रमण की जानकारी मिली है। विभाग की टीम को तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। जंगल की जमीन पर भूमि पर बाहरी लोगों द्वारा झोपड़ियां बनाई गई हैं, तो उन्हें प्राथमिकता के आधार पर हटाकर जंगल की भूमि से अतिक्रमण को हटाया जाएगा।

सुरक्षा के लिए दो से चार मार्च तक बंद रहेगा रैनबसेरा

नवभारत, कटनी। होली पर्व के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा बस स्टैंड स्थित रैन बसेरा का संचालन आगामी तीन दिवस, 2 मार्च से 4 मार्च तक बंद रखा जाएगा। रैन बसेरा प्रभारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि होली के अवसर पर लोगों के नशे में रेन बसेरा पहुंचे की संभावना होने तथा संभावित दुर्घटना से बचाव के कारण रैन बसेरा केंद्र का संचालन निर्धारित अवधि तक स्थगित रहेगा।

जिले के सभी थानों में लगाए गए जनसुनवाई शिविर

सीएम हेल्पलाइन जनसुनवाई शिविर में शिकायतों का निराकरण

नवभारत, कटनी। पुलिस विभाग द्वारा नागरिकों की समस्याओं के तत्काल और प्रभावी निवारण के लिए जिले के सभी थानों में सीएम हेल्पलाइन जनसुनवाई और शिकायत निवारण शिविर का सफल आयोजन किया गया। आयोजन पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर में काफी संख्या में उपस्थित लोगों ने अपनी समस्याएं पुलिस अधिकारियों के समक्ष रखी। सीएम हेल्पलाइन से संबंधित आवेदकों को विशेष रूप से आमंत्रित कर उनकी शिकायतों पर चर्चा की गई और संतोषजनक निराकरण करते हुए 100 से अधिक शिकायतों का समाधान कर उन्हें बंद कराया गया।

1304 आवास हितग्राहियों के पोर्टल से काटे जाएंगे नाम

नवभारत, कटनी। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत किस्त लेने के बाद भी जिले के जिन 1304 हितग्राहियों ने अभी तक आवास निर्माण नहीं किया है, उन्हें अंतिम अवसर देते हुए जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को 5 मार्च तक इन सभी हितग्राहियों का पुर्नसत्यापन करने के निर्देश दिए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत वर्ष 2016-17 से 2021-22 तक के ऐसे आवास हितग्राही जो किस्त प्राप्त होने के लगभग 4 से 8 वर्ष बाद भी आवास निर्माण प्रारंभ नहीं किया है, उन्हें शासन के निर्देशानुसार केटेगरी ए, बी और सी में चिन्हित किया गया था। किस्त के बाद आवास निर्माण में नहीं है, उनका नाम काटा जाएगा।

कार्यालय ग्राम पंचायत डीघी जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, जिला- कटनी (म.प्र.)

क्र/निविदा/ग्रा.पं./2025-26/30 दिनांक :-

निर्माण सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण

ग्राम पंचायत डीघी घुनौर, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, में निर्माण कार्यों के लिए निम्न सामग्री प्रदाय किये जाने हेतु आवश्यकता है, जो सामग्री प्रदायकर्ता, सामग्री प्रदाय करने के इच्छुक हों दिनांक 15/03/2026 से पहले ग्राम पंचायत कार्यालय में अपनी दरें प्रस्तुत करें। प्रदायकर्ता का मनरेगा पोर्टल पर वैध पंजीयन GST होना चाहिए। वेंडर की वैधता के संदर्भ में लेखाधिकारी श्री रावल जी 9926232202 से संपर्क किया जा सकता है, उनकी GST पंजीयन पत्र में सभी सामग्री का लेख होना चाहिए। उक्त निविदा माह फरवरी 2026 से अप्रैल 2027 तक के लिए मान्य होगी।

सामग्री विवरण सारणी :- 1.20 mm & 40 mm गिट्टी 2. रेत 3. सीमेंट 4. ईंट 5. सरिया, एंगल आयरन, GI गाटर शीट 6. परिवहन 7. PVC आइटम 8. बिजली फिटिंग सामग्री 9. पत्थर, फर्शी 10. टाइल्स, मार्बल 11. पौधे, गोबर खाद, पोटास, रासायनिक खाद, आर.सी.सी खंबे व कटेली तार आदि।

सरपंच श्री आशीष कुमार निषाद — सचिव श्री नागेन्द्र दाहिया

कार्यालय ग्राम पंचायत गैरतलाई जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, जिला- कटनी (म.प्र.)

क्र/निविदा/ग्रा.पं./2025-26/28 दिनांक :-

निर्माण सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण

ग्राम पंचायत गैरतलाई, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, में निर्माण कार्यों के लिए निम्न सामग्री प्रदाय किये जाने हेतु आवश्यकता है, जो सामग्री प्रदायकर्ता, सामग्री प्रदाय करने के इच्छुक हों दिनांक 15/03/2026 से पहले ग्राम पंचायत कार्यालय में अपनी दरें प्रस्तुत करें। प्रदायकर्ता का मनरेगा पोर्टल पर वैध पंजीयन GST होना चाहिए। वेंडर की वैधता के संदर्भ में लेखाधिकारी श्री रावल जी 9926232202 से संपर्क किया जा सकता है, उनकी GST पंजीयन पत्र में सभी सामग्री का लेख होना चाहिए। उक्त निविदा माह फरवरी 2026 से अप्रैल 2027 तक के लिए मान्य होगी।

सामग्री विवरण सारणी :- 1.20 mm & 40 mm गिट्टी 2. रेत 3. सीमेंट 4. ईंट 5. सरिया, एंगल आयरन, GI गाटर शीट 6. परिवहन 7. PVC आइटम 8. बिजली फिटिंग सामग्री 9. पत्थर, फर्शी 10. टाइल्स, मार्बल 11. पौधे, गोबर खाद, पोटास, रासायनिक खाद, आर.सी.सी खंबे व कटेली तार आदि।

सरपंच श्रीमति रामा कुमारी — सचिव श्री रज्जन चौधरी

कार्यालय ग्राम पंचायत दुर्जनपुर जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, जिला- कटनी (म.प्र.)

क्र/निविदा/ग्रा.पं./2025-26/29 दिनांक :-

निर्माण सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण

ग्राम पंचायत दुर्जनपुर, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, में निर्माण कार्यों के लिए निम्न सामग्री प्रदाय किये जाने हेतु आवश्यकता है, जो सामग्री प्रदायकर्ता, सामग्री प्रदाय करने के इच्छुक हों दिनांक 15/03/2026 से पहले ग्राम पंचायत कार्यालय में अपनी दरें प्रस्तुत करें। प्रदायकर्ता का मनरेगा पोर्टल पर वैध पंजीयन GST होना चाहिए। वेंडर की वैधता के संदर्भ में लेखाधिकारी श्री रावल जी 9926232202 से संपर्क किया जा सकता है, उनकी GST पंजीयन पत्र में सभी सामग्री का लेख होना चाहिए। उक्त निविदा माह फरवरी 2026 से अप्रैल 2027 तक के लिए मान्य होगी।

सामग्री विवरण सारणी :- 1.20 mm & 40 mm गिट्टी 2. रेत 3. सीमेंट 4. ईंट 5. सरिया, एंगल आयरन, GI गाटर शीट 6. परिवहन 7. PVC आइटम 8. बिजली फिटिंग सामग्री 9. पत्थर, फर्शी 10. टाइल्स, मार्बल 11. पौधे, गोबर खाद, पोटास, रासायनिक खाद, आर.सी.सी खंबे व कटेली तार आदि।

सरपंच श्री योगेन्द्र सिंह — सचिव श्री बद्री प्रसाद चौहरी

कार्यालय ग्राम पंचायत देवरीमझगवां जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, जिला- कटनी (म.प्र.)

क्र/निविदा/ग्रा.पं./2025-26/26 दिनांक :-

निर्माण सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण

ग्राम पंचायत देवरीमझगवां, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, में निर्माण कार्यों के लिए निम्न सामग्री प्रदाय किये जाने हेतु आवश्यकता है, जो सामग्री प्रदायकर्ता, सामग्री प्रदाय करने के इच्छुक हों दिनांक 15/03/2026 से पहले ग्राम पंचायत कार्यालय में अपनी दरें प्रस्तुत करें। प्रदायकर्ता का मनरेगा पोर्टल पर वैध पंजीयन GST होना चाहिए। वेंडर की वैधता के संदर्भ में लेखाधिकारी श्री रावल जी 9926232202 से संपर्क किया जा सकता है, उनकी GST पंजीयन पत्र में सभी सामग्री का लेख होना चाहिए। उक्त निविदा माह फरवरी 2026 से अप्रैल 2027 तक के लिए मान्य होगी।

सामग्री विवरण सारणी :- 1.20 mm & 40 mm गिट्टी 2. रेत 3. सीमेंट 4. ईंट 5. सरिया, एंगल आयरन, GI गाटर शीट 6. परिवहन 7. PVC आइटम 8. बिजली फिटिंग सामग्री 9. पत्थर, फर्शी 10. टाइल्स, मार्बल 11. पौधे, गोबर खाद, पोटास, रासायनिक खाद, आर.सी.सी खंबे व कटेली तार आदि।

सरपंच श्री विमला बाई — सचिव श्री राकेश कुमार दुबे

कार्यालय ग्राम पंचायत हरदुआ महानदी जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, जिला- कटनी (म.प्र.)

क्र/निविदा/ग्रा.पं./2025-26/27 दिनांक :-

निर्माण सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण

ग्राम पंचायत हरदुआ महानदी, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, में निर्माण कार्यों के लिए निम्न सामग्री प्रदाय किये जाने हेतु आवश्यकता है, जो सामग्री प्रदायकर्ता, सामग्री प्रदाय करने के इच्छुक हों दिनांक 15/03/2026 से पहले ग्राम पंचायत कार्यालय में अपनी दरें प्रस्तुत करें। प्रदायकर्ता का मनरेगा पोर्टल पर वैध पंजीयन GST होना चाहिए। वेंडर की वैधता के संदर्भ में लेखाधिकारी श्री रावल जी 9926232202 से संपर्क किया जा सकता है, उनकी GST पंजीयन पत्र में सभी सामग्री का लेख होना चाहिए। उक्त निविदा माह फरवरी 2026 से अप्रैल 2027 तक के लिए मान्य होगी।

सामग्री विवरण सारणी :- 1.20 mm & 40 mm गिट्टी 2. रेत 3. सीमेंट 4. ईंट 5. सरिया, एंगल आयरन, GI गाटर शीट 6. परिवहन 7. PVC आइटम 8. बिजली फिटिंग सामग्री 9. पत्थर, फर्शी 10. टाइल्स, मार्बल 11. पौधे, गोबर खाद, पोटास, रासायनिक खाद, आर.सी.सी खंबे व कटेली तार आदि।

सरपंच श्रीमति पुष्पलता यादव — सचिव श्रीमति पूर्णा चतुर्वेदी

रंग, गुलाल, पिचकारी देख खिले बच्चों के चेहरे, सुरक्षित होली का संदेश

जलासुर के बच्चों का होली में उत्साह हुआ दोगुना

नवभारत, कटनी। विकासखंड के आदिवासी बाहुल्य ग्राम जलासुर में इस होली पर आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के चेहरे पर खुशियों की झिलमिल चमक देखी गई। समाजसेवकों द्वारा बच्चों को रंग, गुलाल, पिचकारी और होली टोपी दी गई। साथ ही उन्हें प्यार और सुरक्षा के साथ मिल-जुलकर होली खेलने के लिए कहा गया। समाजसेवियों ने सुरक्षित होली खेलने पर जोर दिया। समाजसेवी कुशलप्रकाश मिश्र, मयूर खंडेलवाल, संदीप कुशवाहा और फूल सिंह विश्वकर्मा बच्चों के साथ मौजूद रहे और उनके उत्साह को दोगुना किया। इस पहल से बच्चों के चेहरे में खुशी की लहर देखी गई। बच्चो को सुरक्षित होली खेलने के लिए कहा गया है।

बैठक | जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर ने की योजनाओं के कार्यों की समीक्षा

स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन में नहीं बरतें लापरवाही, तय की जाएगी जवाबदेही

नवभारत, कटनी। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर आशीष तिवारी ने स्वास्थ्य योजनाओं के कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि मैदानी स्तर पर स्वास्थ्य योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। स्वास्थ्य और महिला बाल विकास विभाग आपसी समन्वय से कुपोषण, जिले के स्वास्थ्य सूचकांकों की बेहतरी के लिए कार्य करें। कोताही बरतने वालों की जवाबदेही सुनिश्चित कर कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने गर्भवती माताओं के संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, गर्भवती माताओं के नियमित जांच करने और स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास के तालमेल से मातृ-शिशु मृत्यु और कुपोषण के विरूद्ध प्रभावी पहल करने की हिदायत दी। कलेक्टर ने जिला अस्पताल के पोषण पुनर्वास केन्द्र में बेड ऑक्यूपेंसी कम होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि महिला बाल विकास के साथ मिलकर गांवों से कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन कर पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती कराएं। साथ ही सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में ओपीडी और आईपीडी में आने वाले मध्यम कुपोषित और अति गंभीर कुपोषित बच्चों को भी पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन और प्रबंधन कर पोर्टल में प्रसव के बाद तीन दिन के अंदर शत-प्रतिशत इंट्री करने की हिदायत दी। उन्होंने सभी गर्भवती महिलाओं का अनमोल पोर्टल में 100 फीसदी पंजीयन करने के भी निर्देश दिए। शहरी क्षेत्र में लक्ष्य के खिलाफ कम पंजीयन होने पर डिप्टी कलेक्टर ज्योति लिल्हारे को फार्मेट तैयार कर निजी नर्सिंग होम से प्रत्येक 15-15 दिनों पर डाटा एकत्रित कर पोर्टल पर इंट्री कराने का दायित्व एपीएम को सौंपा। कलेक्टर ने टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा करते हुये शत-प्रतिशत स्क्रीनिंग करने और चिन्हित टीबी मरीजों को निक्षय फूड बास्केट सभी को वितरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने बहोरीबंद के कुआं और ढीमरखेड़ा के कारोपानी प्रसव केन्द्रों को क्रियाशील करने के लिए यहां पदस्थ एएनएम को जिला अस्पताल में प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला पंचायत की सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, सीएमएचओ डॉ. राज सिंह ठाकुर, सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रतिभा पांडेय, सहायक संचालक वनश्री कुर्वेती, सभी विकासखंड चिकित्सा अधिकारी सहित महिला बाल विकास विभाग के के परियोजना अधिकारी मौजूद रहे।

KAMAKHYA REAL ESTATE

हम है आपकी हर जरूरत के लिए भरोसेमंद साथी...

आवासीय मकान और प्लाट, वाणिज्यि (कमर्शियल) संपत्तियां, औद्योगिक (इंडस्ट्रियल)

प्लॉट अब संपत्ति की खरीद-फरोख्त करें

पूरी पारदर्शिता और आसानी के साथ चाहे आपको चाहिए एक सुकून भरा घर रिहायशी प्लॉट

व्यवसाय के लिए दुकान

आपकी फैक्ट्री के लिए उपयुक्त जमीन

पूरे भारत में प्रॉपटी खरीदने के लिए संपर्क करें

AMIT GAUTAM +91 86430-19577, +91 96911-21453

E-mail: kamakhyarealstate@gmail.com

धर्मलोक हॉस्पिटल

A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.

AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेट्ट) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

डॉ. राजेश बत्रा — एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस. — जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन

डॉ. हर्षा बत्रा — एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा — स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।

ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक

पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)

Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024